देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंकः 12 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
मोदी–योगी के नाम पर



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 9 अप्रैल 2022



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 21.0°

41243.39

2 अफगानिस्तान को निगल नहीं सकते

7 ‘बेताबी और भूख’ दिखाए खिलाड़ीः रोहित

# महामारी की नई लहर की आशंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन समेत कई मुल्कों में कोरोना संक्रमण अभी भी परेशानी का सबब बना हुआ है। यही नहीं विदेश में कोरोना के नए एक्सई वैरिएंट के सामने आने के बाद महामारी की नई लहर की आशंका भी बनी हुई है। ऐसे में सरकार ने कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने कहा है कि अब 18 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए कोविड–19 रोधी वैक्सीन की एहतियाती खुराक निजी टीकाकरण केंद्रों में 10 अप्रैल से उपलब्ध होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 10 अप्रैल से 18 साल से ऊपर के लोगों के लिए कोरोना वायरस टीके की एहतियाती खुराक निजी टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध होगी। मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों की आयु 18 साल से अधिक है और जिन्हें टीके की दूसरी खुराक लगे नौ महीने हो चुके हैं, वह निजी टीकाकरण केंद्रों पर एहतियाती खुराक के पात्र होंगे।

इसके साथ ही मंत्रालय ने यह भी कहा कि पात्र आबादी के लिए टीके की पहली व दूसरी खुराक और स्वास्थ्य कर्मियों, अग्रमि मोर्चे को कर्मचारियों व 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए एहतियाती खुराक के लिए सरकारी टीकाकरण केंद्रों के जरिए चल रहा मुफ्त टीकाकरण अभियान इसी तरह जारी रहेगा और इसकी रफ्तार को भी और तेज किया जाएगा।

**कोविन पोर्टल पर भी नया अपडेटः** इससे पहले बताया गया था कि कोरोना वैक्सीन लगवा चुके लोग अपने कोविड–19 वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट में हुई गलतियों को कोविन पोर्टल पर अब ठीक कर सकेंगे।

स्वास्थ्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव विकास शील ने बताया था कि नए अपडेट में कोविन पोर्टल में एक ऐसी सुविधा दी जाएगी जिसके द्वारा टीकाकरण प्रमाणपत्रों पर नाम, जन्म वर्ष और लिंग में अनजाने में हुई त्रुटियों को सुधारा जा सकेगा।

## 10 अप्रैल से सभी वयस्क लगवा सकेंगे कोविड-19 रोधी टीके का बूस्टर डोज

### 24 घंटे में 1109 नए केस, 43 मरीजों की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में शुक्रवार को फिर बढ़ोतरी देखने को मिली है। लगातार दूसरे दिन कोरोना के केस में इजाफा हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना के मामलों को लेकर रिपोर्ट जारी की है। मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 1,109 नए मामले सामने आए हैं। साथ ही इस दौरान 43 मरीजों की मौत भी हुई है। देश में कोरोना वायरस की 185.29 करोड़ से ज्यादा खुराक दी जा चुकी है। 99.36 करोड़ से ज्यादा लोगों को वैक्सीन की



### निजी अस्पतालों में मिलेगी सुविधा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि सरकार ने फैसला लिया है कि 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को निजी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड के टीके की एहतियाती खुराक उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा सभी निजी टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध होगी। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में सभी 15 साल से अधिक आबादी में से लगभग 96 फीसद को कोविड रोधी वैक्सीन की कम से कम एक खुराक लगाई जा चुकी है जबकि लगभग 83 प्रतिशत ने दोनों खुराक लगवा ली है।

### टीकाकरण अभियान 16 जनवरी 2021 को शुरू हुआ था

देश भर में टीकाकरण अभियान 16 जनवरी, 2021 को शुरू किया गया था, जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों को पहले चरण में टीका लगाया गया था। फ्रंटलाइन वर्कर्स का टीकाकरण पिछले साल 2 फरवरी से शुरू हुआ था। कोविड–19 टीकाकरण का अगला चरण पिछले साल 1 मार्च को 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और 45 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए किसी रोग से पीडितों को टीके के साथ शुरू हुआ था। भारत ने पिछले साल 1 अप्रैल से 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए टीकाकरण शुरू किया। इसके बाद सरकार ने पिछले साल 1 मई से 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को वायरल बीमारी के खिलाफ टीकाकरण की अनुमति देकर अपने टीकाकरण अभियान का विस्तार करने का फैसला किया।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन करोड़ से ज्यादा पक्के घरों का निर्माण पूरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ से ज्यादा पक्के घरों का निर्माण कर चुकी है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने खुद इसकी जानकारी दी है। मोदी ने शुक्रवार सुबह एक ट्वीट कर केंद्र सरकार की इस उपलब्धि के बारे में बताया है। पीएम ने इसे महिला सशक्तिकरण का प्रतीक कहा है।

### सालिड फ्यूल डक्टेड रामजेट का सफल परीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन ने शुक्रवार को सालिड फ्यूल डक्टेड रामजेट के उड़ान का सफल परीक्षण किया। SFDR को हैदराबाद के रक्षा अनुसंधान व विकास प्रयोगशाला द्वारा विकसित किया गया है। इसमें क्त्क्ट की अन्य प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की RCI व पुणे की HEMRL ने सहयोग दिया है।

# महंगाई ने बिगाड़ा आम आदमी के घर का बजट

## 300 रुपये प्रति किलो के पार चला गया नींबू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ ही महंगाई की आग भी लोगों को झुलसा रही है। आम जनता पर महंगाई कहर बनकर टूट रही है। सब्जियों से लेकर फल और पेट्रोल–डीजल से लेकर खाने के तेल की कीमतों ने आम आदमी के घर का बजट बिगाड़ दिया है। हर चीज के दाम रिकार्ड स्तर पर हैं। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक... आम आदमी बढ़ती महंगाई से त्रस्त है। जनता परेशान है आखिर खाएं भी तो क्या खाएं? टमाटर, मिर्च, मूली, कद्दू और लौकी जैसी आम सब्जियां भी आम आदमी के बजट से बाहर जा रही है। रेट इतने बढ़ गए कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है।

**नींबू ने भी बिगाड़ा स्वादः** सब्जियों का स्वाद बढ़ाने वाला नींबू का रेट जायका खराब कर रहा है। कई राज्यों में नींबू की मांग अचानक बढ़ गई है। मांग बढ़ने के हिसाब से इसकी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस वजह से नींबू भी आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रहा है। कई जगहों पर नींबू 300 रुपये प्रति किलो के पार चला गया है। गुजरात के सूरत में एक सब्जी थोक व्यापारी ने कहा, पिछले साल कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में चक्रवात के दौरान नींबू के पौधों को हुए नुकसान के कारण नींबू की कीमत में भी भारी वृद्धि हुई है।

**रिकॉर्ड स्तर पर तेल की कीमतें** बीते 17 दिनों में 14 बार पेट्रोल–डीजल की कीमतों में इजाफा हुआ है। बीते कुछ दिनों में ईंधन के दाम में 10 रुपये प्रति लीटर तक का इजाफा हो चुका है। सीएनजी की कीमतों में भी पिछले कुछ दिनों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। मौजूदा समय में राजधानी दिल्ली में सीएनजी 69.11 रुपये प्रति किलो बिक रही है।

### महंगे ईंधन की वजह से बढ़ी कीमतें

उत्तराखंड के व्यापारी सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह महंगे ईंधन को बता रहे हैं। सब्जी विक्रेता ने कहा कि ईंधन की कीमतों में इजाफा सीधे विक्रेताओं और खरीदारों को प्रभावित करता है। इसीलिए फलों और सब्जियों की कीमतें बढ़ गई हैं। दरअसल, ईंधन की कीमतें बढ़ने का असर ट्रांसपोर्टेशन पर पड़ रहा है। सब्जियों और फलों के ट्रांसपोर्टेशन पर आने वाला खर्च अब लगभग दोगुना हो गया है। इसीलिए फल और सब्जियां ऊंचे दामों पर बेचनी पड़ रही है।

# सरकारी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल के वितरण को मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने सरकारी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल के वितरण को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। चावल का फोर्टिफिकेशन करने में हर साल लगभग 2700 करोड़ रुपये का खर्च आएगा जिसे केंद्र वहन करेगा। इसे साल 2024 तक देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से लागू कर दिया जाएगा। एआईएम एक नवाचार संस्कृति बनाने के अपने इच्छित लक्ष्य और देश में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र में काम करेगा।

**पूरे देश में तीन चरणों में लागू की जाएगी वितरण योजनाः** प्रेस सूचना ब्यूरो की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार फोर्टिफाइड चावल वितरण की योजना को लागू करने का काम तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। *पहला चरणः* मार्च 2022 तक पूरे देश में एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) और पीएम पोषण को कवर किया जाएगा। *दूसरा चरणः* मार्च 2023 तक सभी आकांक्षी और उच्च बोझ वाले जिलों में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली व अन्य योजनाओं में इसे लागू किया जाएगा। *तीसरा चरणः* दूसरे चरण के साथ बाकी बचे जिलों में मार्च 2024 तक इस योजना को लागू कर दिया जाएगा।

**स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक है फोर्टिफाइड चावलः** फोर्टिफाइड चावल में बड़ी मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह आयरन और विटामिन से युक्त होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन बी1, विटामिन बी12, फोलिक एसिड, जिंक जैसे कई पोषक तत्वों का मिश्रण होता है। यह चावल लोगों के भोजन में आवश्यक पौष्टिक तत्वों की आवश्यकता को पूरा करता है और कुपोषण पर नियंत्रण पाने में काफी हद तक मददगार हो सकता है।

### फैसला

■ बड़े फैसले, हर साल खर्च होंगे 2700 करोड़

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

**Gadoli Media Ventures**
Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# इतना दिखावा क्यों कर रहा पाकिस्तान ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने वैश्विक आतंकी और लश्कर ए–तैयबा के सरगना हाफिज सईद को 31 साल की सजा सुनाई है। हाफिज सईद को यह सजा दो आतंकी मामलों में दी गई है। अदालत ने लश्कर ए–तैयबा के सरगना पर जुर्माना भी लगाया है। हाफिज सईद मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड भी है। इसके अलावा भी वह भारत में कई आतंकी वारदातों को अंजाम दे चुका है। जानकारों का कहना है कि कोर्ट के सजा देने का असर सईद पर नहीं पड़ने वाला है। उसे जल्द ही नजरबंद कर दिया जाएगा और उसकी संपत्ति भी वापस कर दी जाएगी।

हाफिज सईद को आतंकवाद निरोधी अदालत पहले भी जेल भेज चुकी है। 2020 में उसके खिलाफ कई टेरर फाइनेंसिंग मामलों में से एक में 15 साल से अधिक जेल की सजा सुनाई गई थी। हाफिज सईद संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित वैश्विक आतंकवादी है। अमेरिका ने हाफिज सईद के सिर पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित कर रखा है।

### कुख्यात आतंकवादी हाफिज सईद को 31 साल की सजा